भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2024 के

तारांकित प्रश्न सं. 225 का उत्तर

## भिवानी और जयपुर के बीच रेलगाड़ियां

*225. श्री धर्मबीर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भिवानी और जयपुर के बीच रेलगाड़ी सं. 09733/09734 को नियमित करने और इसे एक स्थायी नंबर आवंटित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या रेलगाड़ी सं. 14705 के समय में परिवर्तन करने के कारण कनेक्टिंग रेलगाड़ी सं. 14086 से आकर खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों को असुविधा हुई है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का भिवानी में रेलगाड़ी सं. 14086 और रेलगाड़ी सं. 14705 के समय में तालमेल बैठाने का विचार है;

(ड) क्या रेलवे की 24 कोच वाली रेलगाड़ियों को समायोजित करने के लिए भिवानी में 16 कोच वाली वाशिंग लाइन का उन्नयन करने और एक अतिरिक्त वाशिंग लाइन बनाने की योजना है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और समय-सीमा क्या है;

(छ) क्या सरकार रेवाड़ी-अटेलि-नारनौल-रींगस के रास्ते भिवानी और सीकर के बीच नई रेलगाड़ी सेवा शुरू कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या रेलगाड़ी सं. 14717/14718 और रेलगाड़ी सं. 22737/22738 का सिवानी स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ज): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 11.12.2024 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 225 के भाग (क) से (ज) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ) भारतीय रेल में त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए नियमित गाड़ी सेवाओं के अलावा विशेष गाड़ियां भी चलाई जाती हैं। तदनुसार, भारतीय रेल द्वारा 09733/09734 भिवानी-जयपुर स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है, जो भिवानी-जयपुर खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को सेवित करने वाली 07 जोड़ी नियमित मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों और 2 जोड़ी स्पेशल गाड़ी सेवाओं के अतिरिक्त है।

दैनिक यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस और 14705 भिवानी-ढेहर का बालाजी (जयपुर) एक्सप्रेस के समय में बदलाव किया गया है। 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस का भिवानी में आगमन/प्रस्थान समय अब 05:20/05:30 बजे होगा, जबकि पहले यह 05:05/05:10 बजे था। 14705 भिवानी- ढेहर का बालाजी एक्सप्रेस अब भिवानी से 05:30 बजे चलेगी, जबकि पहले यह 05:00 बजे चलती थी।

(ङ) और (च) वाशिंग पिट लाइन के निर्माण/ उन्नयन /विस्तार की योजना परिचालनिक आवश्यकतानुसार बनाई जाती है और यह भूमि अधिग्रहण, वन संबंधी स्वीकृति, यदि कोई हो, अतिलंघन जनोपयोगी सेवाओं के स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना स्थल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। तदनुसार, भिवानी में मौज़ूदा सवारी डिब्बा वाशिंग पिट लाइन के उन्नयन के कार्य को स्वीकृत कर दिया गया है।

(छ) इस समय, भिवानी-रेवाड़ी खंड पर 17 जोड़ी गाड़ी चलती हैं जबकि रेवाड़ी-अटेली-नारनौल-रींगस सेक्टर में 16 जोड़ी गाड़ी सेवाएं परिचालित हैं, जो यात्रियों को रींगस (खाटू श्याम जी) से जोड़ती हैं। इसके अलावा, रींगस स्टेशन 18 जोड़ी गाड़ी सेवाओं के माध्यम से सीकर से भी जुड़ा हुआ है।

भिवानी और सीकर के बीच संपर्कता को बेहतर करने के लिए, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए झज्जर-चरखी दादरी-लोहारू नई लाइन (94 किलोमीटर) के अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा, खाटूश्यामजी तक अंतिम पहुंच संपर्कता प्रदान करने के लिए, रींगस और खाटूश्यामजी के बीच एक नई लाइन (17 किलोमीटर) को भी मंजूरी दे दी गई है और कार्य शुरू कर दिया गया है।

**(ज) वर्तमान में, सिवानी को 05 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं और 03 जोड़ी पैसेंजर गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। गाड़ी सं. 14717/14718 बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस और 22737/22738 सिकंदराबाद-हिसार एक्सप्रेस का सिवानी के पास स्थित सादुलपुर/हिसार में ठहराव निर्धारित किया गया है।**

**इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं के ठहराव की व्यवस्था, गाड़ी सेवाओं के नियमितीकरण, गाड़ी सेवाओं के समय में बदलाव करना और नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन है।**

*****